---------------------------------------------------------------

कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

भाग - (49) खण्ड - {97}

---------------------------------------------------------------

समग्र मुरलियों पर आधारित अधोलिखित प्रश्नों के सबसे उपयुक्त एक ही उत्तर का चयन करें..........

प्रश्न 1- जो अभी भगवान को वारिस बनते हैं, वह कितने जन्मों के लिए वर्से के अधिकारी बन जाते हैं ?

A- 84

B- 42

C- 21

D- हर जन्म

प्रश्न 2- राजाई तो तब हो जब 50-60 करोड़ हों, तब लश्कर बनें। यह कौन से धर्म की बात बाबा कर रहे हैं ?

A- देवी-देवता धर्म की

B- और जो धर्म स्थापन करते हैं उनकी

C- क्रिश्चियन धर्म की

D- हिन्दू धर्म

प्रश्न 3- किस के तकदीर में पावन शरीर मिलना है नहीं ?

A- सतयुग में जो नौकर, चाकर, चण्डाल आदि बनते हैं

B- त्रेतायुग में आने वाले के

C- द्वापर से आने वालों के

D- शिवबाबा के

प्रश्न 4- आप बच्चों के पास डायरेक्ट परमात्म लाइट का कनेक्शन है। लेकिन लाइट कैसी आयेगी ?

A- स्वमान की स्मृति का स्विच डायरेक्ट लाइन से आन करो तो।

B- लाइट हाउस बनो तो।

C- ज्ञान सूर्य बनो।

D- स्वमान की सीट पर बैठोगे।

प्रश्न 5- किन बच्चों की रक्षा बाप जरूर करते ही हैं ?

A- जो बच्चे सच्चे हैं,

B- बाप का शो करने वाले

C- फालो फादर करने वाले

D- मोतेले बच्चों की

प्रश्न 6- किनकी कुबुद्धि नहीं होती है ?

A- जो सच है उनकी

B- पतिव्रता स्त्री की

C- एक की मोहब्बत में है उनकी

D- सच बिठो नच की

प्रश्न 7- त्रेतायुग के बारे में कौन सा कथन असत्य है ?

A- स्वर्ग नहीं कहेंगे।

B- 25 परसेन्ट कम।

C- नई दुनिया।

D- नापास वहाँ चले जाते हैं।

प्रश्न 8- कब तक क्रिमिनल आई भी छोड़ती नहीं है ?

A- जब तक भाई-भाई दृष्टि नहीं है।

B- जब तक कर्मातीत अवस्था नहीं बनी।

C- जब तक श्रीमत पर नहीं चलते हैं।

D- जब तक देहीभिमानी नहीं बने।

प्रश्न 9- ड्रामा में तुम्हारा भी अच्छे ते अच्छा पार्ट है। तुम कितने लकी हो क्योंकि -

A- देवता बनते हैं।

B- बेहद के बाप के तुम बनते हो।

C- विश्व के मालिक बनेंगे।

D- मर्यादा पुरुषोत्तम बनते हो।

प्रश्न 10- सतगुरू की पहली-पहली श्रीमत है ?

A- मनमनाभव

B- वानप्रस्थी बनो

C- देही-अभिमानी बनो

D- स्वयं को आत्मा समझ एक मुझे याद करो

प्रश्न 11- जैसे आम का झाड़ है तो उनका क्रियेटर किस को कहेंगे ?

A- प्रकृति को

B- शिवबाबा को

C- तना को

D- बीज को

प्रश्न 12- आत्मा की बैटरी डिस्चार्ज कैसे हो जाती है ?

A- विकार के कारण

B- माया के कारण

C- पार्ट बजाते-बजाते

D- रावण राज्य में दुःखी होने के कारण

प्रश्न 13- अव्यभिचारी याद होती है ?

A- संगमयुग में

B- द्वापर युग से

C- सतयुग में

D- द्वापर -कलियुग से

प्रश्न 14- अव्यभिचारी भक्ति किस युग में होती है ?

A- द्वापर युग में

B- कलियुग में

C- द्वापर - कलियुग में

D- संगमयुग में

प्रश्न 15- बाप का बनते हैं फिर रामराज्य से रावणराज्य में चले जाते हैं। इस पर ही फिर युद्ध दिखलाई है ?

A- कौरव और पाण्डवों की।

B- असुरों और देवताओं की

C- राम और रावण की

D- A और B

प्रश्न 16- ब्राह्मणों की कौन सी माला बनती है, जिन्होंने बहुत गुप्त मेहनत की है ?

A- भक्त माला

B- रूद्र माला

C- रुण्ड माला

D- विजयमाला

-----------------------------------------------------

भाग (49) खण्ड {97} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

-----------------------------------------------------

उत्तर 1- *C. 21*

ऊंचे से ऊंचे बाप को अपना बच्चा बना देना, तन-मन-धन से बाप को वारिस बनाकर वारी जाना - यह बच्चों की जादूगरी है। *जो अभी भगवान को वारिस बनाते हैं वह 21 जन्मों के लिए वर्से के अधिकारी बन जाते हैं।*

उत्तर 2- *B.और जो धर्म स्थापन करते हैं उनकी*

बच्चे जानते हैं यह राजधानी स्थापन हो रही है। *और जो धर्म स्थापन करते हैं,* उन्हों की पहले राजाई नहीं चलती।

राजाई तो तब हो जब 50-60 करोड़ हों, तब लश्कर बनें। शुरू में तो आते ही हैं एक-दो, फिर वृद्धि को पाते हैं।

उत्तर 3- *D.शिवबाबा के*

*बाप आते देखो कहाँ हैं! पुराने रावण राज्य में। कहते हैं मेरी तकदीर में पावन शरीर मिलना है नहीं।* पतितों को पावन बनाने कैसे आऊं। हमको पतित दुनिया में ही आकर सबको पावन बनाना पड़ता है। तो ऐसे टीचर का कदर भी रखना चाहिए ना।

उत्तर 4- *A.स्वमान की स्मृति का स्विच डायरेक्ट लाइन से ऑन करो*

आप बच्चों के पास डायरेक्ट परमात्म लाइट का कनेक्शन है। सिर्फ *स्वमान की स्मृति का स्विच डायरेक्ट लाइन से आन करो तो लाइट आ जायेगी* और कितना भी गहरा सूर्य की रोशनी को भी छिपाने वाला काला बादल हो, वह भी भाग जायेगा।

उत्तर 5- *A.जो बच्चे सच्चे हैं*

*जो बच्चे सच्चे हैं, उनकी रक्षा जरूर होती है।* अगर रक्षा नहीं होती है तो अन्दर में जरूर कोई न कोई झूठ होगा। पढ़ाई मिस करना, संशय में आना माना अन्दर में कुछ न कुछ झूठ है। उन्हें माया अंगूरी मार देती है।

उत्तर 6- *B.पतिव्रता स्त्री की*

बाबा तो बार-बार समझाते हैं शिवबाबा के सिवाए कोई देहधारी को याद नहीं करना है। कई तो ऐसे पक्के हैं, जो कभी किसकी याद भी नहीं आयेगी। *पतिव्रता स्त्री होती है ना, उनकी कुबुद्धि नहीं होती है।*

उत्तर 7- *C.नई दुनिया*

यहाँ तुम आये ही हो स्वर्ग में जाने का पुरूषार्थ करने। त्रेता को भी स्वर्ग नहीं कहेंगे। 25 परसेन्ट कम हुआ ना। तुम यहाँ आये ही हो पुरानी दुनिया छोड़ नई दुनिया में जाने।

*त्रेता को नई दुनिया नहीं कहेंगे।* नापास त्रेतायुग में चले जाते हैं क्योंकि रास्ता ठीक पकड़ते नहीं। नीचे-ऊपर होते रहते हैं।

उत्तर 8- *B.जब तक कर्मातीत अवस्था नहीं बनी*

छिपाने से बीमारी छूटेगी नहीं। जितना छिपायेंगे उतना गिरते ही रहेंगे। भूत तो सबमें हैं ना। *जब तक कर्मातीत अवस्था नहीं बनी, तब तक क्रिमिनल आई भी छोड़ती नहीं है।* सबसे बड़ा दुश्मन है काम। कई गिर पड़ते हैं।

उत्तर 9- *B.बेहद के बाप के तुम बनते हो*

सबसे स्वीट है पुरूषोत्तम कल्याणकारी संगमयुग। ड्रामा में तुम्हारा भी अच्छे ते अच्छा पार्ट है। तुम कितने लकी हो। *बेहद के बाप के तुम बनते हो।* वह आकर तुम बच्चों को पढ़ाते हैं। कितनी ऊंच, कितनी सहज पढ़ाई है। कितना तुम धनवान बनते हो, इसमें कोई मेहनत नहीं करनी पड़ती।

उत्तर 10- *C. देही-अभिमानी बनो*

मीठे बच्चे - *सतगुरू की पहली-पहली श्रीमत है देही-अभिमानी बनो,* देह-अभिमान छोड़ दो। इसमें ही मेहनत है। जब मेहनत कर पूरे देही-अभिमानी बनो तब विश्व की बादशाही मिलेगी।

उत्तर 11- *D.बीज को*

*जैसे आम का झाड़ है तो उनका क्रियेटर बीज को कहेंगे ना।* वह जैसे बाप हो गया परन्तु वह जड़ है। अगर चैतन्य होता तो उनको मालूम रहता ना - मेंरे से झाड़ सारा कैसे निकलता है। परन्तु वह जड़ है, उसका बीज नीचे बोया जाता है। यह तो है चैतन्य बीजरूप। यह ऊपर रहते हैं, तुम भी मास्टर बीजरूप बनते हो।

उत्तर 12- *C.पार्ट बजाते बजाते*

धरती के सितारे तुम हो। वह हैं आसमान के जो जड़ हैं, तुम चैतन्य हो। उनमें तो फेरबदल कुछ नहीं होता, तुम तो 84

जन्म लेते हो, कितना बड़ा पार्ट बजाते हो। *पार्ट बजाते-बजाते चमक डल हो जाती है, बैटरी डिस्चार्ज हो जाती है।* फिर बाप आकर भिन्न-भिन्न प्रकार से समझाते हैं क्योंकि तुम्हारी आत्मा उझाई हुई है।

उत्तर 13- *A.संगमयुग में*

एक होती है व्यभिचारी याद, दूसरी होती है अव्यभिचारी याद। *तुम सबकी है अव्यभिचारी याद जो संगमयुग पर ही होती है।* किसकी याद है? एक बाप की। बाप को याद करते-करते पाप कट जायेंगे और तुम वहाँ पहुँच जायेंगे।

उत्तर 14- *A.द्वापर युग में*

मनुष्य तो अनेकानेक को याद करते हैं। भक्ति मार्ग में तुमको याद करना है एक को। *द्वापर युग से भक्ति भी पहले-पहले तुमने ऊंच ते ऊंच शिवबाबा की ही की थी। उनको कहा जाता है अव्यभिचारी भक्ति।* वही सर्व को

सद्गति देने वाला रचता बाप है। उनसे बच्चों को बेहद का वर्सा मिलता है। भाई-भाई से वर्सा नहीं मिलता।

उत्तर 15- *D. A और B*

मरजीवा बनते हैं, बाप का बनते हैं फिर रामराज्य से रावणराज्य में चले जाते हैं। *इस पर ही फिर युद्ध दिखलाई है - कौरव और पाण्डवों की। फिर असुरों और देवताओं की भी युद्ध दिखाई है।* एक युद्ध दिखाओ ना। दो क्यों? बाप समझाते हैं यहाँ की ही बात है।

उत्तर 16- *C.रुण्ड माला*

जितने-जितने विनाश काले प्रीत बुद्धि हैं उतना पद होता है। सिवाए एक के और कोई भी याद न पड़े। कल्प पहले भी ऐसे निकले हैं जो विजय माला के दाने बने हैं। तुम जो ब्राह्मण कुल के हो, *ब्राह्मणों की रुण्ड माला बनती है, जिन्होंने बहुत गुप्त मेहनत की है।* ज्ञान भी गुप्त है ना।

-----------------------------------------------------

कौन बनेगा पास विद् ऑनर प्रश्नोत्तरी

भाग - (49) खण्ड - {98}

---------------------------------------------------------

प्रश्न 1- पावन धाम है ?

A- सुखधाम

B- दुखधाम

C- शान्तिधाम

D- A और C

प्रश्न 2- जब कोई मिले तो सिर्फ बोलो ?

A- शिवबाबा आए है।

B- अपने को आत्मा समझ बेहद के बाप को याद करो।

C- स्वर्ग में आना है।

D- उपरोक्त सभी

प्रश्न 3- सतयुग में क्रिमिनल आई होती नहीं। तो भी -

A- ड्रेस आदि अच्छी होती है।

B- अंग सब ढके हुए होते हैं।

C- देह-अभिमानी नहीं है।

D- हिंसा नहीं होती है।

प्रश्न 4- श्रीनाथ द्वारे पर जाकर दर्शन करते हैं, परन्तु-

A- उनका दर्शन करने से क्या होगा।

B- उसको कहा जाता है बुत पूजा।

C- उनमें आत्मा तो है नहीं। बाकी 5 तत्वों का पुतला बना हुआ है, तो गोया माया को याद करना हो गया।

D- उपरोक्त सभी

प्रश्न 5- बाप किन बच्चों को बुद्धू समझते हैं ?

A- फालो फादर नही करते वह।

B- जिन्हें बाप के मिलने की भी खुशी नहीं वह।

C- पुरूषार्थ नहीं करते हैं वह।

D- देही अभिमानी नहीं बनते वह।

प्रश्न 6- मध्याजी भव का सबसे सही अर्थ के पर्याय का चुनाव कीजिए ?

A- लक्ष्य और वर्से की स्मृति

B- सतयुग को याद करना

C- लक्ष्मी-नारायण जैसे बनना

D- ब्रह्मा विष्णु समान बनना

प्रश्न 7- कब से नीचे गिरना चालू होता है ?

A- सतयुग से

B- द्वापर युग से

C- त्रेतायुग से

D- संगमयुग

प्रश्न 8- ब्रह्मा, विष्णु शंकर तीन बच्चे ठहरे ना। तो शिवबाबा किस को एडाप्ट करते हैं ?

A- ब्रह्मा,

B- विष्णु,

C- शंकर

D- उपरोक्त सभी

प्रश्न 9- मनुष्य मरते हैं तो कितने रोज़ दीवा जगाते हैं ?

A- 12

B- 13

C- 10

D- 8

प्रश्न 10- श्रीमत किसकी गाई हुई हैं ?

A- शिव

B- ब्रह्मा

C- ब्राह्मण

D- A और B

प्रश्न 11- कौनसी धारणा नहीं होगी तो दुकान सम्भाल नहीं सकेंगे ?

A- याद की

B- पवित्रता की

C- ज्ञान-योग

D- अशरीरीपन

प्रश्न 12- कौन सी खान एक ही बार मिलती है ?

A- अविनाशी ज्ञान रत्नों की

B- 21 जन्मों की

C- गोल्डन एज की

D- बाप से वर्से की

प्रश्न 13- मुगल गार्डन के बारे में कौन सा कथन सत्य है ?

A- राष्ट्रपति भवन में है।

B- अब अमृत उद्यान के नाम से जाना जाता है।

C- वहाँ फर्टक्लास अच्छे-अच्छे फूल होते हैं।

D- उपरोक्त सभी

प्रश्न 14- यहाँ बैठे हो, यह तो याद होगा ना हम आये हैं रिज्युवनेट होने अर्थात्-

A- दैवीगुण धारण करना

B- पारसबुद्धि बनना

C- पवित्र बनने

D- यह शरीर बदल दैवी शरीर लेने

प्रश्न 15- दैवी गुण कैसे आते हैं ?

A- इस ज्ञान से

B- देवता बनने से

C- सांगर मंथन करने से

D- पवित्र बनने से

प्रश्न 16- ज्ञान की धारणा आत्मा में है कैसे मालूम पड़ेगा ?

A- दैवी गुण आते हैं तो

B- मुख से ज्ञान रत्न निकाले तो

C- चलन देवताई होती है तो

D- विचार सागर मंथन होता है तो

---------------------------------------------------------

भाग (49) खण्ड {98} के उत्तर स्पष्टीकरण सहित

---------------------------------------------------------

उत्तर 1- *D. A और C*

बाप कहते हैं मैं तुमको पावन बनाकर जाता हूँ फिर तुमको पतित कौन बनाता? अभी तुम फील करते हो ना। कितना गंगा स्नान करते आये परन्तु पावन तो बने नहीं। पावन बनकर तो पावन दुनिया में जाना पड़े। *शान्तिधाम और सुखधाम है पावन धाम।* यह तो है ही रावण की दुनिया, इसको दु:खधाम कहा जाता है।

उत्तर 2- *B.अपने को आत्मा समझ बेहद के बाप को याद करो*

यह तो सहज समझने की बात है ना। इसमें कोई मुश्किलात ही नहीं। न किसको सुनाने में मुश्किलात है। *जब कोई मिले तो सिर्फ यह बोलो अपने को आत्मा समझ बेहद के बाप को याद करो।* आत्माओं का बाप है परमपिता परमात्मा शिव।

उत्तर 3- *B.अंग सब ढके हुए होते हैं*

अभी तुम साक्षात्कार करते हो - इस पुरूषार्थ से हम ऐसा श्रृंगारा हुआ बनेंगे। *वहाँ क्रिमिनल आई होती नहीं। तो भी अंग सब ढके हुए होते हैं।* यहाँ तो देखो छी-छी बातें रावण राज्य में सीखते हैं। इन लक्ष्मी-नारायण को देखो ड्रेस आदि कितनी अच्छी है।

उत्तर 4- *D.उपरोक्त सभी*

गऊमुख से अमृत लेने के लिए कितना धक्का खाते हैं। *फिर श्रीनाथ द्वारे पर जाकर दर्शन करते हैं। परन्तु उनका दर्शन करने से क्या होगा। उसको कहा जाता है बुत पूजा। उनमें आत्मा तो है नहीं। बाकी 5 तत्वों का पुतला बना हुआ है तो गोया माया को याद करना हो गया।* 5 तत्व प्रकृति है ना। उनको याद करने से क्या होगा ?

उत्तर 5- *B.जिन्हें बाप के मिलने की भी खुशी नही वह*

*जिन्हें बाप के मिलने की भी खुशी नहीं - वह बुद्धू हुए ना।* ऐसा बाप जो विश्व का मालिक बनाता, उसका बच्चा बनने के बाद भी खुशी न रहे तो बुद्धू ही कहेंगे ना।

उत्तर 6- *A.सबकुछ आत्मा ही करती है इसलिए*

*सब कुछ आत्मा ही करती है - इस शरीर द्वारा इसलिए पहले-पहले अपने को आत्मा जरूर समझना है।* गायन है आत्मायें-परमात्मा अलग रहे बहुकाल......। सबसे पहले-पहले बाप से कौन बिछुड़कर आते हैं यहाँ पार्ट बजाने? तुमसे पूछेंगे कितना समय तुम बाप से अलग रहे हो? तो तुम कहेंगे 5 हज़ार वर्ष।

उत्तर 7- *A.सतयुग से*

अनेक बार तुमने श्रेष्ठ मत से ऊंच पद पाया है फिर पुनर्जन्म लेते-लेते नीचे गिरते आये हो। फिर एक ही बार चढ़ते हो। तुम भी समझते हो बाबा कहते बिल्कुल ठीक हैं। *सतयुग में हम सो यह देवी-देवता थे, फिर चक्र लगाते-लगाते नीचे आते हैं।* नई दुनिया में थोड़ा-थोड़ा ही गिरते हो।

उत्तर 8- *A.ब्रह्मा*

मनुष्यों ने फिर शिव और शंकर को मिला दिया है। कहाँ वह सूक्ष्मवतनवासी, कहाँ वह मूलवतनवासी। दोनों एक हो कैसे सकते। यह भक्ति मार्ग में लिख दिया है। ब्रह्मा, विष्णु, शंकर तीन बच्चे ठहरे ना। *ब्रह्मा पर भी तुम समझा सकते हो। इनको एडाप्ट किया है तो यह शिवबाबा का बच्चा ठहरा ना।* ऊंच ते ऊंच है बाप।

उत्तर 9- *A. 12*

हर एक को अपने ऊपर ही विचार सागर मंथन करना होता है। यह तो बच्चे जानते हैं - *मनुष्य मरते हैं तो 12 रोज़ दीवा जगाते हैं।* तुम फिर मरने के लिए तैयारी कर रहे हो और अपनी ज्योत पुरुषार्थ कर आपेही जगा रहे हो। पुरुषार्थ भी माला में आने वाले ही करते हैं। प्रजा इस माला में नहीं आती।

उत्तर 10- *D. A और B*

देवतायें हैं श्रीमत वाले। श्रीमत से ही स्वर्ग बनता है, आसुरी मत से नर्क बना है। *श्रीमत है शिव की।* ऐसे तो

नहीं, शिवबाबा ही समझाते हैं। क्या यह बाबा कुछ नहीं बतलाते। इनका भी पार्ट है, *श्रीमत ब्रह्मा की भी गाई हुई है। *

उत्तर 11- *C.ज्ञान-योग*

तुम ब्राह्मण हो संगमयुग के। वह शूद्र हैं कलियुग के। यह नॉलेज भी तुमको इस संगम पर मिलती है। तुम बी.के. ज्ञान गंगायें प्रैक्टिकल में अब संगमयुग पर हो। अभी तुमको रेस करनी है। दुकान सम्भालनी है। *ज्ञान-योग की धारणा नहीं होगी तो दुकान सम्भाल नहीं सकेंगे।* सर्विस का उजूरा तो बाबा देने वाला है।

उत्तर 12- *A.अविनाशी ज्ञान रत्नों की*

तुमको दादे की मिलकियत मिलती है। खान बड़ी जबरदस्त है और यह खान एक ही बार निकलती है। वह खानियां तो बहुत हैं ना। निकलती रहती हैं। कोई बैठ ढूँढे तो बहुत हैं। *यह तो एक ही बार एक ही खान मिलती है - अविनाशी ज्ञान रत्नों की।*

उत्तर 13 - *D.उपरोक्त सभी*

सतयुग को कहा जाता है गार्डन ऑफ फ्लावर्स। *मुगल गार्डन में कितने फर्स्टक्लास अच्छे-अच्छे फूल होते हैं।* अक के भी फूल मिलेंगे परन्तु इसका अर्थ कोई भी समझते नहीं हैं, *मुगल गार्डन राष्ट्रपति भवन में है, अब उसे अमृत उद्यान कहा जाता है।*

उत्तर 14 - *D.यह शरीर बदल दैवी शरीर लेने*

*यहाँ बैठे हो, यह तो याद होगा ना - हम आये हैं रिज्युवनेट होने अर्थात् यह शरीर बदल दैवी शरीर लेने।* आत्मा कहती है हमारा यह तमोप्रधान पुराना शरीर है। इसको बदलकर ऐसा शरीर लेना है। कितनी सहज एम ऑब्जेक्ट है।

उत्तर 15 - *A.इस ज्ञान से*

अभी तुम मनुष्य से देवता बन रहे हो। देवताओं में फिर यह ज्ञान होगा नहीं। देवतायें सद्गति में हैं, ज्ञान चाहिए दुर्गति

वालों को। *इस ज्ञान से ही दैवी गुण आते हैं।* ज्ञान की धारणा वालों की चलन देवताई होती है।

उत्तर 16 - *C.चलन देवताई होती है तो*

इस ज्ञान से ही दैवी गुण आते हैं। *ज्ञान की धारणा वालों की चलन देवताई होती है।* कम धारणा वालों की चलन मिक्स होती है। आसुरी चलन तो नहीं कहेंगे।